बिहार सरकार

**जल संसाधन विभाग**

**दिनांक-05.01.2026 को साप्ताहिक समीक्षा बैठक की कार्यवाही।**

---

सभी मुख्य अभियंता प्रक्षेत्र के लिए निर्धारित उद्व्यय, अद्यतन आवंटन तथा व्यय स्थिति की समीक्षा की गई।

**समीक्षा के क्रम में निम्नांकित निदेश दिये गये :-**

2. विभागान्तर्गत निर्धारित उद्व्यय के विरूद्ध वर्तमान में व्यय 49.04% है। समीक्षा के क्रम में उद्व्यय के शेष बचे हुए राशि को आगामी तीन महीनों में व्यय करने हेतु सभी मुख्य अभियंताओं से उनके परिक्षेत्राधीन संभावित व्यय का आकलन कर व्यय सुनिश्चित करने तथा इसके लिए निर्धारित किये गये प्रपत्रों में प्रतिवेदन दिनांक-09.01.2026 तक उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा संबंधित मोनिटरिंग अंचल द्वारा की जायेगी। तद्नुसार प्रतिवेदन आगामी बैठक में समीक्षा हेतु उपस्थापित किये जाने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई- सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना/**
**अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल-2/3/बाढ़)**

3.(क) वर्तमान में क्रियान्वित की जा रही सभी योजनाओं में Works Programme के अनुसार पर्याप्त मात्रा में मशीनरी, निर्माण सामाग्री एवं मानवबल की समुचित उपलब्धता नहीं रहने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी मुख्य अभियंता को इसे सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

(ख) इस संबंध में यह भी निदेशित किया गया कि वैसी योजनाएँ जिनमें दिनांक-05.01.2026 तक Man/Machinery की उपलब्धता एकरारनामा के साथ संलग्न Work Programme के सापेक्ष 80 प्रतिशत से कम है, उनकी समीक्षा करते हुए उन योजनाओं के संवेदक से debarment पर स्पष्टीकरण पुछने का निदेश दिया गया। साथ ही संबंधित मुख्य अभियंता संवेदको से पूछे गये स्पष्टीकरण की प्रति संलग्न कर अपना मंतव्य अंकित करते हुए प्रतिवेदन/प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध करायेंगे।

(ग) इस संबंध में आज तक ससमय (05.01.2026 के पूर्व) आवश्यक कार्रवाई नहीं करने वाले मुख्य अभियंताओं पर कारण पृच्छा करने का निदेश संबंधित अभियंता प्रमुख को दिया गया।

**(कार्रवाई- अभियंता प्रमुख, मुख्यालय/सिंचाई सृजन/बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,**
**सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता,)**

4.(क) योजनाओं में व्यय की समीक्षा के क्रम में मुख्य अभियंता परिक्षेत्र औरंगाबाद तथा दरभंगा अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित उद्व्यय के विरूद्ध व्यय की अपेक्षित प्रगति प्राप्त नहीं होने के कारण स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया।

(ख) इस क्रम में सभी मुख्य अभियंताओं को यह निदेशित किया गया कि उद्व्यय के विरूद्ध अबतक के वित्तीय प्रगति में गैप की समीक्षा कर शीघ्र आवंटन की मांग करते हुए नियामानुकूल वित्तीय प्रगति सुनिश्चित की जाय।

**(कार्रवाई- अभियंता प्रमुख, मुख्यालय/ सिंचाई सृजन/बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण/**
**सभी मुख्य अभियंता)**

5.(क) वैसी योजनाऐं जिसमें विद्युत पोलो के कारण कार्य बाधित है, की समीक्षा के क्रम में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, औरंगाबाद द्वारा Pole Shifting से संबंधित प्रतिवेदन Google Sheet पर Update नहीं करने के कारण असंतोष व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण पुछने का निदेश दिया गया। इस क्रम में सभी मुख्य अभियंता को Pole Shifting से संबंधित किये जा रहे कार्रवाई/ प्रगति निर्धारित Google Sheet विहित प्रपत्र में Update करना

सुनिश्चित करने तथा इससे संबंधित योजनावार संक्षिप्त विवरणी तैयार कर प्रतिवेदन आगामी बैठक में उपस्थापित करने का भी निदेश दिया गया।

(ख) सभी मुख्य अभियंता से प्राप्त प्रतिवेदन समेकित कर Pole Shifting मामले की समीक्षा हेतु ऊर्जा विभाग के NBPDCL एवं SBPDCL के MD के समक्ष उपस्थापन अभियंता प्रमुख, सिंचाई/मुख्यालय को करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

इस संबंध में NBPDCL एवं SBPDCL के साथ समन्वय एवं समीक्षा के लिए समय/तिथि निर्धारण करने की कार्रवाई हेतु विशेष कार्य पदाधिकारी को निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन/बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना/ मो० आसिफ इकबाल, विशेष कार्य पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, पटना)**

6. विधि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विगत सप्ताह में कुल 11 विभिन्न प्रकार के वाद विभाग के विरूद्ध दायर किया गया एवं विगत सप्ताह में कुल 09 विभिन्न प्रकार के वादों में शपथ पत्र/ कारणद पृच्छा दायर किया गया है। विगत सप्ताह माननीय न्यायालय में अवकाश होने के कारण किसी भी प्रकार का वाद निष्पादित नही हुआ है।

वर्तमान सप्ताह में दिनांक–03.01.2026 तक निर्धारित मानकानुसार विभिन्न प्रकार के कुल 75 वादों प्रतिशपथ–पत्र/ कारण पृच्छा दायर किया जाना लंबित है, जिसमें से 01 वाद मंतव्य हेतु वित्त विभाग को प्रेषित है, 34 वाद नयें है, 28 वाद मुख्यालय स्तर से लंबित है। इसके अतिरिक्त 12 वाद मुख्य अभियंता स्तर पर लंबित है।

मुख्य अभियंता स्तर पर लंबित 12 वादों में से 02 एम0जे0सी0 एवं 04 सी0डब्लू0जे0सी0 46 से 60 दिनों में लंबित की श्रेणी में है। उक्त के अतिरिक्त 05 सी0डब्लू0जे0सी0 का मामला 60 दिनों से अधिक अवधि से लंबित श्रेणी में अंकित किया गया। जिन्हें शीघ्र निष्पादित करने हेतु निदेशित किया गया ।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, भागलपुर/बिहारशरीफ/वीरपुर/गोपालगंज/कटिहार/ मोतिहारी/मुजफ्फरपुर/पटना/समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन)**

7. बैठक में गत सप्ताह के SOM बैठक की कार्रवाई की अनुपालन की स्थिति की समीक्षा आगामी बैठक में करने का निदेश दिया गया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

ह0/–
(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक–1/PMC/योजना/20/2024 पटना, दिनांक–........................

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार/विकास आयुक्त, बिहार को सादर सूचनार्थ।

ह0/–
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक–1/PMC/योजना/20/2024 पटना, दिनांक–........................

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ समर्पित।

ह0/–
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक–1/PMC/योजना/20/2024–22 पटना, दिनांक–08/01/2026

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ समर्पित।

08/01/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक–1/PMC/योजना/20/2024 22 पटना, दिनांक–08/01/2026

प्रतिलिपि :– अभियंता प्रमुख, मुख्यालय/ सिंचाई सृजन/ बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

08/01/26

अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन
जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक–1/PMC/योजना/20/202422 पटना, दिनांक–08/01/2026

प्रतिलिपि :– श्री मनोज रमण, तकनीकी परामर्शी/ अपर सचिव/ संयुक्त सचिव/ सभी मुख्य अभियंता/ श्री रवीन्द्र कुमार शंकर, नीतिगत मामलों के सलाहकार/श्री ईश्वर चन्द्र ठाकुर, अध्यक्ष, वाल्मी शासी पर्षद के परामर्शी/संयुक्त सचिव, अभियंत्रण/संयुक्त सचिव, प्रबंधन/ प्रधान सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1/2/3/4/बाढ़/सिंचाई/ स्थानिक अभियंता, सम्पर्क कार्यालय, नई दिल्ली/ सभी कार्यपालक अभियंता/ सभी अवर सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

08/01/26

अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन
जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक– 1/PMC/योजना/20/2024 –22 पटना, दिनांक–08/01/2026

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को संबंधितों को ई–मेल करने एवं बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

08/01/26

अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन
जल संसाधन विभाग, बिहार